# चित्रकूट-पुलिस

**(1).** नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वालंबन, महिला सशक्तिकरण, महिला कल्याण एवं बाल विकास के प्रति चलाये जा रहे “मिशन शक्ति अभियान-4” के तत्वाधान में जनपद के समस्त थानों की एण्टी रोमियों टीमों/‘‘शक्ति दीदी’’ द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थल एवं ग्रामों में भ्रमण कर महिला एवं बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी उपायों के प्रति जागरुक किया गया।

“मिशन शक्ति अभियान-4” व ‘‘शक्ति दीदी’’ अभियान के तहत आज दिनांक 02.06.2025 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरूण कुमार सिंह के निर्देशन में जनपद में नोडल अधिकारी मिशन शक्ति क्षेत्राधिकारी राजापुर श्रीमती निष्ठा उपाध्याय के पर्यवेक्षण में समस्त थाना क्षेत्रो में एण्टी रोमियों टीमों द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थलों एवं ग्रामो में भ्रमण किया गया । महिलाओं/बालिकाओँ को “मिशन शक्ति” व ‘‘शक्ति दीदी’’ के सार्वजनिक स्थलो जैसे-चौराहे, बाजारों को असामाजिक तत्वों से मुक्त कराये जाने तथा महिलाओ एवं बालिकाओं के साथ राह चलते छेडखानी, अभद्रता, अश्लील प्रदर्शन तथा अभद्र टिप्पणियाँ इत्यादि की घटनाओं को रोकने के लिये जागरुक किया गया तथा महिला/बालिकाओं को सुरक्षा संबंधित सेवाएँ जैसे यू0पी0-112 नम्बर/वूमेन पावर लाइन 1090/यूपी कॉप एप/181 महिला हेल्प लाइन/1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन/1098 चाइल्ड हेल्प लाइन/102 स्वास्थ्य सेवा/108 एम्बूलेन्स सेवा/1930 साइबर हेल्पलाइन के बारे में जानकारियां दी गई । इस दौरान उपस्थित महिलाओं/बालिकाओं को अवगत कराया गया कि सभी थानों में महिलाओ की सुरक्षा/सहायता हेतु एक महिला हैल्पडेस्क बनाया गया है, जहाँ पर महिला पुलिसकर्मी द्वारा महिलाओं की शिकायत सुनी जाती है तथा समय से उनका निस्तारण किया जाता है । इसके साथ ही मौजूद महिलाओं/बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी चलायी जा रही हेल्पलाइन नम्बरों के सम्बन्ध में पंपलेट वितरित करते हुए विस्तार से जानकारी देने के साथ ही सभी महिलाओं/बालिकाओ को हेल्पलाइन नम्बर का निर्भीक होकर उपयोग करने हेतु तथा महिलाओ को आत्मनिर्भर बनने व निर्भीक होकर अपने अपने क्षेत्र में कार्य करने/शिक्षा ग्रहण करने के लिये प्रेरित किया गया तथा सोशल मीडिया पर अपनी प्राइवेसी रखते हुये उसका प्रयोग करने के लिये कहा गया । इसी क्रम में महिलाओं/बालिकाओ को जनपद में गठित “एंटी रोमियो स्क्वायड” टीम के बारे में अवगत कराया गया तथा बताया गया कि सादे वस्त्रों में तथा प्राइवेट वाहनों से सार्वजनिक स्थलों यथा- स्कूल, कालेज व कोचिंग संस्थान के आसपास व ऐसे स्थान जहाँ पर महिलाओ एवं बालिकाओ का अधिकतर आवागमन होता है उनको भौतिक रुप से चिन्हित कर शोहदो/मनचलो के द्वारा Eve Teasing इत्यादि आपत्तिजनक हरकतो को रोकने के उद्देश्य से सघन चैकिंग कर लोगो से पूछताछ की जाती है व अनावश्यक रुप से मौजूद शोहदो/मनचलो को हिदायत/कार्यवाही की।

**(2).** आज दिनाँक 02.06.2025 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह निर्देशन में शान्ति एवं सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ बनाये रखने हेतु चित्रकूट पुलिस के थाना/चौकी प्रभारियों द्वारा थाना/चौकी क्षेत्र के मिश्रित आबादी क्षेत्र एवं भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर पैदल गस्त किया गया पुलिस टीमों द्वारा दुकानदारों, व्यापारीबंधुओं एवं क्षेत्रीय नागरिको से वार्ता कर सुरक्षा का भरोसा दिलाया। पैदल गस्त के दौरान पुलिस टीम द्वारा सड़क पर हो रहे अतिक्रमण, शराब की दुकान, रेलवे स्टेशनों,होटल/ढाबो, 02/04 पहिया वाहन एवं संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग की गयी।

**(3).** आज दिनांक 02.06.2025 पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन्स चित्रकूट का निरीक्षण किया गया। दिनांक 17.06.2025 से पुलिस लाइन चित्रकूट में जे0टी0सी0 में कुल 333 रिक्रूट आरक्षियों 21.07.2025 से आर0टी0सी0 में कुल 450 रिक्रूट आरक्षियो का प्रशिक्षण होना सुनिश्चत है जिसके दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक चित्रकूट द्वारा रिक्रूट आरक्षियों के क्लासरुम,मेस, बैरिक आदि का निरीक्षण कर रिक्रूट आरक्षियों के प्रशिक्षण हेतु की जा रही तैयारियों का जायजा लेकर संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

निरीक्षण के दौरान पुलिस उपाधीक्षक श्री अरविन्द कुमार वर्मा, प्रतिसार निरीक्षक श्री शिवनारायण, आरटीसी प्रभारी श्री प्रदीप कुमार यादव , पीआरओ पुलिस अधीक्षक श्री प्रदीप पाल एवं अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

**(4).** पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाने हेतु अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में थानाध्यक्ष सरधुवा श्री रामसिंह द्वारा भोली-भाली जनता में भय आतंक फैलाकर गुंडागर्दी करने वाले अभियुक्त 1. तिलक द्विवेदी पुत्र सुरेश द्विवेदी निवासी ग्राम रामपुर थाना सरधुवा जनपद चित्रकूट 2. देवनारायण पुत्र अर्जुन प्रसाद निवासी ग्राम कुचौली थाना सरधुवा जनपद चित्रकूट 3.श्रीकेश सिंह पुत्र रामपाल सिंह निवासी ग्राम ममसी बुजुर्ग थाना सरधुवा जनपद चित्रकूट के विरुद्ध धारा 3 यूपी गुंडा नियंत्रण अधिनियम की कार्यवाही की गयी।

**(5).** पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में अपराधियों की धरपकड़ हेतु व मादक पदार्थो की तस्करी/बिक्री की रोकथाम हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कर्वी श्री उपेन्द्र प्रताप सिंह के मार्गदर्शन में चौकी प्रभारी शिवरामपुर उ0नि0 श्री शनि चतुर्वेदी व उनकी टीम द्वारा भरतकूप की तरफ जाने वाली रास्ता से अभियुक्त नफीस अली उर्फ छोटा पुत्र अहमद खाँ निवासी शिवरामपुर कोतवाली कर्वी जनपद चित्रकूट को 01 किलो 500 ग्राम सूखा नाजायज गांजा व बिना नम्बर प्लेट की चोरी की मोटरसाइकिल होण्डा SP125 जिसका रजिस्ट्रेशन नम्बर MP35ZB8099 के साथ गिरफ्तार किया गया। अवैध गांजा की बरामदगी के सम्बन्ध में अभियुक्त के विरुद्ध कोतवाली कर्वी पर धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया। अभियुक्त से बरामद चोरी की मोटरसाइकिल के सम्बन्ध में पूंछताछ की गयी तो बताया कि उसने यह मोटरसाइकिल सतना मध्य प्रदेश के एक मन्दिर से चोरी की थी।

बरामदगी-

01 किलो 500 ग्राम सूखा गांजा

01 अदद मोटरसाइकिल होण्डा SP125

गिरफ्तार करने वाली टीम-

1.चौकी प्रभारी शिवरामपुर उ0नि0 श्री शनि चतुर्वेदी

2.उ0नि0 श्री कैलाश

3.आरक्षी विपिन कुमार

4.आरक्षी दुर्गेश यादव

5.आरक्षी दीप प्रताप सिंह

( 6). आज दिनाँक 02.06.2025 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में उपजिलाधिकारी मऊ श्री सौरभ यादव एवं क्षेत्राधिकारी मऊ श्री यामीन अहमद, इ0ओ नगर पालिका श्री बालकृष्ण गौतम द्वारा प्रभारी निरीक्षक मऊ श्री दुर्गविजय सिंह की उपस्थिति में थाना मऊ में आगामी बकरीद त्यौहार को सकुशल, शांतिपूर्वक, सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाए जाने हेतु क्षेत्र के सम्भ्रांत नागरिकों, धर्म गुरुओं, ग्राम प्रधान की पीस कमेटी की मीटिंग की गई जिसमें लोगों की समस्याओं को सुनकर उनके निराकरण व सकुशल त्योहार मनाए जाने के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

इस गोष्ठी में हिन्दु-मुस्लिम दोनों समुदायों के सदस्यों से वार्ता कर भाईचारे एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाये रखने की अपील की गयी तथा शासन के दिशा निर्देशों के सम्बन्ध में बताया गया।